पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को आज राजभवन आमंत्रित किया

लखनऊः 24 अगस्त, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज शाम समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री मुलायम सिंह यादव को राजभवन में चाय पर आमंत्रित किया तथा उनका गर्म–जोशी से स्वागत किया।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल श्री नाईक एवं श्री मुलायम सिंह यादव दोनों कई साल लोक सभा में साथ रह चुके हैं। मुलाकात के दौरान दोनों ने अपने पुराने मिलने वालों जैसे जार्ज फर्नांडीज, स्व0 मधु दण्डवते, स्व0 मधु लिमये व अन्य साथियों की याद ताजा की। उन्होंने लखनऊ की विशेषताओं के बारे में भी चर्चा की।

——————

अंजुम / ललित / राजभवन–